भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Life Insurance Corporation of India, Divisional Office: Raipur
"Jeevan Prakash" Jeevan Bima Marg, Pandri Raipur Pin Code 492004, Phone No. 0771/2583063

**रा.म.का./दंतेवाड़ा शाखा कार्यालय नया भवन** **दिनांक:- 06.10.2018**

"औचित्य प्रमाणपत्र "

प्रमाणित किया जाता है कि, शासन द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम को नगर पंचायत दंतेवाड़ा, तहसील दंतेवाड़ा मे 0.262 हेक्टेयर रकबा वन क्षेत्र अधिनियम 1980 अंतर्गत प्रत्यावर्तन उपरांत भारतीय जीवन बीमा निगम की दंतेवाड़ा शाखा के लिए स्वयं के भवन निर्माण के लिए निम्न आवश्यकताएं है :

1. भारतीय जीवन बीमा निगम केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाला एक प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जो लगभग 30 वर्षों से दंतेवाड़ा शहर मे किराये के भवन से संचालित हो रहा है।
2. केंद्र सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र का विस्तार ग्रामीण तथा विशेष रूप से सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े बीमा योग्य वर्ग तक मृत्यु की दशा मे आर्थिक सुरक्षा समुचित दरों पर उपलब्ध कराने के उद्येश्य से बीमा सेवाओं को सरकारी क्षेत्र मे लाया गया था तथा भारतीय जीवन बीमा निगम इस उद्येश्य की पूर्ति के लिए अनवरत रूप से प्रयत्नशील है।
3. बस्तर एक आदिवासी क्षेत्र है जिसके सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर प्रयनशील है और छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण पश्चात भारतीय जीवन बीमा निगम को बस्तर क्षेत्र मे बीमा के अधिकाधिक विस्तार एवं सुचारु सेवाओं के लिए स्वयं के भवन की महती आवश्यकता प्रतीत हो रही है जिसके अंतर्गत निगम द्वारा भवन निर्माण का निर्णय लिया गया है ।
4. भारतीय जीवन बीमा निगम का नवनिर्मित भवन दंतेवाड़ा शहर के लिए एक आकर्षण का केंद्र होगा तथा क्षेत्र के युवाओं को अभिकरण सेवाओं के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा ।
5. भारतीय जीवन बीमा निगम का नवनिर्मित भवन निगम से जुड़े सभी वर्गों जैसे अभिकर्ता, अधिकारी कर्मचारी सभी को क्षेत्र के बीमा धारकों को बेहतर बीमा सेवा प्रदान करने मे सहायक होगा जिससे बीमा धारक एवं सेवा कर्ता सभी संबंधितों को गर्व एवं संतोष प्राप्त होगा ।

**अतः उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये प्रत्यावर्तन पश्चात प्रस्तावित आबंटित भूमि पर भारतीय जीवन बीमा निगम की दंतेवाड़ा शाखा के लिए स्वयं के भवन का निर्माण अत्यंत आवश्यक है ।**

**भवदीय**

**वरिष्ठ मंडल प्रबंधक**